अनुक्रमांक .................... मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

नाम ....................................................

936

# 830 (NR)

## 2020

## चित्रकला

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक : 70*

*सामान्य निर्देश :*

*(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii) मुख-पृष्ठ (Cover-page) तथा इसमें रखे प्रत्येक उत्तर-पत्र के ऊपर दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ़-साफ़ लिखिए तथा कक्ष निरीक्षक से भी सभी प्रपत्रों पर स्पष्ट हस्ताक्षर करवाइए ।*

*(iii) प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभाजित है । इनमें से खण्ड क का प्रश्न* ***अनिवार्य*** *है । खण्ड ख और खण्ड ग में से किसी* ***एक*** *खण्ड के ही प्रश्न हल करने हैं ।*

*(iv) खण्ड क के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण'* ***अथवा*** *'आलेखन'* ***अथवा*** *'प्राविधिक कला' में से केवल* ***एक*** *का ही चित्रण करना है ।*

*(v) खण्ड ख से 'स्मृति-चित्रण'* ***अथवा*** *खण्ड ग से 'भारतीय चित्रकला' में से किसी* ***एक*** *का ही उत्तर देना है ।*

*(vi) केन्द्र व्यवस्थापक की हस्ताक्षरयुक्त मुहर (Facsimile) अपने प्रत्येक प्रपत्र पर लगवाइए और उन पर कक्ष निरीक्षक के भी हस्ताक्षर करवाइए ।*



### खण्ड क

### (अनिवार्य)

### (प्राकृतिक दृश्य चित्रण)

1. अपनी ड्राइंग-शीट पर 20 सेमी × 25 सेमी का एक आयत बनाइए जिसमें निम्नलिखित में से कोई *एक* दृश्य-चित्र मानव आकृति के साथ बनाइए तथा इसे जल रंगों या पेस्टल रंगों से पूर्ण कीजिए ।

(i) वृक्षों एवं झोपड़ी के साथ ग्रामीण सूर्यास्त का दृश्य

**अथवा**

(ii) प्रात:कालीन ग्रामीण दृश्य

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए :

(अ) सही रेखांकन एवं परिप्रेक्ष्य — 15

(ब) सही एवं उपयुक्त संयोजन — $7\frac{1}{2}$

(स) सौम्य एवं उपयुक्त रंगों का प्रयोग — 15

(द) सामान्य प्रभाव एवं आकर्षण — $7\frac{1}{2}$

### अथवा

### (आलेखन)

एक वर्ग की रचना कीजिए जिसकी भुजा की माप 16 सेमी है । इसमें फर्श के मध्य भाग के लिए गुलाब अथवा कमल के पुष्प, पत्तियों, कलियों एवं तितली की सहायता से एक सुन्दर आलेखन की रचना कीजिए । आलेखन में किन्हीं तीन रंगों का प्रयोग कीजिए । ट्रेसिंग मना है ।

निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए :

(अ) इकाई की मौलिकता — 15

(ब) लयात्मक रेखांकन — $7\frac{1}{2}$

(स) रंगों का चयन एवं आकर्षण 15

(द) सामान्य प्रभाव $7\frac{1}{2}$

## अथवा

### (प्राविधिक कला)

*निर्देश :*

*(i) निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं ।*

*(iii) प्रत्येक उत्तर की रचना में निर्दिष्ट रेखाएँ, रचनात्मक रेखाएँ एवं अभीष्ट रेखाएँ स्पष्ट हों । रचना की रचनात्मक रेखाओं को न मिटाइए ।*

*(iv) रफ़ कार्य श्वेत फुलस्केप पेपर पर कीजिए तथा इसे अपने उत्तर-पत्र के साथ संलग्न कर दीजिए ।*

(अ) 5 सेमी का एक वर्ग ज्यामितीय विधि द्वारा बनाइए तथा इसके अन्तर्गत बड़ा से बड़ा अर्धवृत्त खींचिए । *7+8=15*

(ब) 8 सेमी व्यास वाले वृत्त में एक आकर्षक ज्यामितीय आलेखन को चापों और रेखाओं के संयोजन से चित्रित कीजिए, जो फर्श के केन्द्र के लिए उपयुक्त हो । *5+10=15*



(स) एक त्रिभुज क ख ग की रचना कीजिए, जिसका परिमाप 12 सेमी है तथा भुजाओं का अनुपात 3 : 4 : 5 है । 15

(द) एक वृत्त की रचना कीजिए जिसकी त्रिज्या 5 सेमी है । वृत्त के केन्द्र अ से 8 सेमी दूरी पर ब बिन्दु है । बिन्दु ब से दिए वृत्त पर स्पर्श रेखा खींचिए । *7+8=15*

(य) एक विकर्ण मापनी की रचना कीजिए, जिस पर मीटर, डेसीमीटर तथा सेन्टीमीटर पढ़े जा सकें । 3 सेमी की दूरी 1 मीटर को प्रदर्शित करती है । मापनी की निरूपक भिन्न (R.F.) ज्ञात कीजिए । मापनी पर 3 मीटर 5 डेसीमीटर तथा 5 सेमी की दूरी अंकित कीजिए । *5+5+5=15*

### खण्ड ख
### (स्मृति-चित्रण)

**2.** (अ) निम्नलिखित में से किसी ***एक*** का स्मृति-चित्र पेंसिल द्वारा बनाइए । चित्र 15 सेमी से छोटा न हो । $12\frac{1}{2}$

(i) गेंद और हॉकी स्टिक

(ii) कलम और कॉपी

(iii) छाता और बक्सा

(iv) पतंग

(ब) निम्नलिखित में से किसी *एक* स्मृति-चित्र को पेंसिल से बनाइए । चित्र 15 सेमी से छोटा न हो । $12\frac{1}{2}$

(i) आम, पत्तियों सहित

(ii) लालटेन

(iii) मूली, पत्तियों सहित

(iv) अनार, पत्तियों सहित

**अथवा**

**खण्ड ग**

**(भारतीय चित्रकला)**

3. (अ) राजपूत चित्रकला पर संक्षेप में प्रकाश डालिए । 15

**अथवा**

चित्रसूत्रम् का संक्षेप में उल्लेख कीजिए ।

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में चार विकल्प दिए गए हैं । सही उत्तर चुनकर उसे क्रमवार अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

(I) बाघ की गुफाएँ किस प्रदेश में हैं ? 1

(i) उत्तर प्रदेश

(ii) मध्य प्रदेश

(iii) गुजरात

(iv) राजस्थान



(II) तटस्थ रंग कौन-से हैं ? 1

(i) लाल – नीला

(ii) सफ़ेद – काला

(iii) पीला – नीला

(iv) नारंगी – पीला

(III) निम्नलिखित में द्वितीय रंग कौन-सा है ? 1

(i) लाल

(ii) पीला

(iii) काला

(iv) नारंगी

(IV) किस नंबर की पेंसिल से खींची गई रेखाएँ गहरी होती हैं ? 1

(i) एच बी (HB)

(ii) एच (H)

(iii) टू बी (2B)

(iv) टू एच (2H)

(V) मुग़ल काल का प्रसिद्ध चित्रकार कौन था ? *1*

(i) श्याम सुन्दर

(ii) मंसूर

(iii) राम लाल

(iv) रहीम

(VI) मुख्य रूप से प्रागैतिहासिक चित्रों में कौन-सा रंग प्रयुक्त हुआ ? *1*

(i) सफ़ेद

(ii) नीला

(iii) गेरू

(iv) पीला

(VII) पंचमढ़ी गुफाएँ किस राज्य में हैं ? *1*

(i) हिमाचल प्रदेश

(ii) उत्तर प्रदेश

(iii) राजस्थान

(iv) मध्य प्रदेश



(VIII) ओस्टवाल्ड कलर चार्ट में कितने रंग होते हैं ? *1*

(i) सात

(ii) आठ

(iii) नौ

(iv) बारह

(IX) नंदलाल बोस किस कला महाविद्यालय से संबंधित थे ? *1*

(i) पटना

(ii) मुम्बई

(iii) शांति निकेतन

(iv) लखनऊ

(X) इसमें कौन-सा गर्म रंग है ? *1*

(i) नीला

(ii) पीला

(iii) हरा

(iv) लाल